भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1765

जिसका उत्तर 21 सितम्बर, 2020 को दिया जाना है

कोयला उत्पादन

1765. श्री महेश साहू:

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कंपनी कार्यालय महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) के उस स्थान पर स्थापित किया गया है जहां 20 मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) यदि नहीं, 70 मिलियन टन कोयले का उत्पादन करने के बाद भी एमसीएल द्वारा तालचेर में कोई कार्यालय स्थापित नहीं करने का क्या कारण है; और

(ग) क्या सरकार ने संबंधित प्राधिकारी को इस मामले में आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री

(श्री प्रल्हाद जोशी)

(क) : कंपनी कार्यालयों की स्थापना प्रभावी संचालन हेतु कंपनी की आवश्यकता एवं व्यापार आवश्यकताओं के अनुसार की जाती है।

(ख) : एमसीएल के प्रभावी प्रचालन हेतु तलचर कोलफील्ड्स में कई कार्यालय हैं।

(ग) : उपर्युक्त भाग (क) तथा (ख) को देखते हुए लागू नहीं होता।

*****